हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

04 दो दुर्घटनाओं में ट्रैक्टरों की टक्कर से दो युवकों की...



07 नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया सिरोंज को जिला...





## खबर संक्षेप

### आज वाटर वर्क्स क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी

**विदिशा।** शहरी जोन 1 में 33 केवी लाइन शिफ्टिंग के कारण आज वार्टर बर्क्स फीडर की बिजली बंद रहेगी। लाइन शिफ्टिंग का समय सुबह 10 बजे से 2 बजे तक रहेगा। इस दौरान अडानी बिल्मर, ब्रिटानिया, जंबार बागरी, पेपर मिल, वार्टर वर्क्स, चौपाल सागर, स्प्रिंगफील्ड स्कूल, सीवेज प्लांट, स्मार्ट बाजार आदि क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी।

### यूनिटी मार्च गुलाबगंज में 28 को आयोजित

**विदिशा।** भाजपा 28 नवंबर शुक्रवार सुबह 10 बजे विदिशा विधानसभा के ग्राम वन से गुलाबगंज तक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च निकालेगी। समापन कार्यक्रम में देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। तैयारी को लेकर जिला कार्यालय में दुर्गा नगर, वेत्रवती नगर, बेस नगर, अहमदपुर व ढोलखेड़ी मंडलों की संयुक्त बैठक हुई। दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ बैठक में विधायक मुकेश टंडन ने अधिकाधिक संख्या में भागीदारी की अपील की।

### फार्म जमा करने लोगों को प्रेरित कर रहे टंडन



**विदिशा।** वार्डों में घर-घर पहुंचकर नागरिकों को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुननिरीक्षण के तहत फॉर्म जमा करने के लिए प्रेरित करने का अभियान लगातार जारी है। विधायक मुकेश टंडन ने सोमवार सुबह वार्ड क्रमांक 2 एवं 5 में जनसंवाद कर मतदाता सूची पुनरीक्षण की जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार फॉर्म सही तरीके से भरकर समय पर अपने बीएलओ को जमा करें। यदि फॉर्म भरने में किसी प्रकार की परेशानी हो तो संबंधित बीएलओ से संपर्क करने की सलाह भी दी।

### चौपड़ा मतदान केंद्र ने हासिल किया 100% लक्ष्य

**विदिशा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-26) के अंतर्गत तहसील पठारी के मतदान केंद्र चैपड़ा (मतदान केंद्र-200) की बूथ लेवल ऑफिसर राधा सेन द्वारा सभी निर्धारित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए गए हैं। सटीक एवं समय पर किए गए इस कार्य को निर्वाचन प्रक्रिया की दक्षता और पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारियों ने श्रीमति सेन के कार्य की सराहना करते हुए इसे अन्य बूथों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### कुपोषण मुक्त अभियान के तहत किट वितरित



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में कुपोषण मुक्त विदिशा अभियान के अंतर्गत संचालित पोषण संजीवनी अभियान के तहत आज जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसीमें भर्ती चार बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए हैं। अभियान के दौरान अभिभावकों को पोषण किट में उपलब्ध सामग्री से विभिन्न प्रकार की पौष्टिक रेसिपी तैयार करने की विधियां समझाई गईं। यह पोषण किट प्रत्येक बच्चे को तीन माह के लिए दी जाने वाली पोषक सामग्री से तैयार की गई है। कलेक्टर की अपील पर जनभागीदारी से एकत्रित धनराशि के माध्यम से यह किट तैयार की गई हैं।

**एसआईआर पुनरीक्षण: जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में डिजिटलाइजेशन ने पकड़ी गति**

# 40 बीएलओ ने समय से पहले लक्ष्य किया पूरा, लापरवाही बरतने वाले दो को नोटिस

*जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। सोमवार दोपहर दो बजे तक जिले के 40 बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के गणना पत्रकों का सौ प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अब अन्य बीएलओ भी समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने की ओर उत्साहित हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने सभी बीएलओ को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को बीएलओ की सतत मॉनिटरिंग करने तथा उनके कार्य में आ रही सभी बाधाओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन के अनुसार जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 11 लाख 20 हजार 532 मतदाताओं के गणना पत्रक एसआईआर के मानक अनुसार संकलित एवं डिजिटल किए जाने हैं। जिले में 63.08 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूर्ण हो चुका है, जो संतोषजनक प्रगति है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सत्यापन का कार्य जारी है।

कलेक्टर के निर्देश पर सेक्टर अधिकारी, प्रभारी अधिकारी और एसडीएम लगातार फील्ड में रहकर एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और बीएलओ को तकनीकी एवं संसाधनगत कठिनाइयों से उबरने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया है कि बीएलओ आवश्यकता होने पर अन्य कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करें।

### प्राथमिक शिक्षक स्वाति चौबे, पटवारी रोहित धाकड़ मिले अनुपस्थित

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र-148 शमशाबाद के कम प्रगति वाले मतदान केन्द्र बालाबरखेड़ा, पौआनाला, महुआखेड़ा और भूतपरासी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से कम प्रगति के कारण पूछे और संबंधित सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व कोटवारों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण सहयोग करते हुए कल तक मतदाता गणना प्रपत्रों का 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सरपंचों और स्थानीय मतदाताओं से भी सहयोग की अपील की गई। इस बीच प्राथमिक शिक्षक स्वाति चौबे और पटवारी रोहित धाकड़ बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिन पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अपर कलेक्टर ने पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### विदिशा में सबसे कम 55 प्रतिशत काम हुआ

जिले में अब तक सात लाख छह हजार 831 गणना पत्रक प्राप्त कर डिजिटलाइज किए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 63 .08 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्रों में प्रगति के अनुसार विदिशा में 55%, बासौदा में 63 .29%, कुरवाई में 66 .57%, सिरोंज में 62 .40% और शमशाबाद विधानसभा में 67 .63% लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। प्रशासन का दावा है कि बीएलओ और अधिकारियों की सक्रियता के चलते जिले में गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन का कार्य तय समय से पहले ही शत प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा।

# गरीब परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन देने की प्रक्रिया तेज

**कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के अंतर्गत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि, जिला उज्जवला समिति के सदस्य, विभागीय अधिकारी तथा गैस एजेंसियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर और गैस एजेंसी संचालक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नए कनेक्शन जारी करें तथा सभी कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से संचालनालय को भेजी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पात्र परिवार को योजना का लाभ पाने में परेशानी न हो, इसके लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएं। कलेक्टर ने उम्मीद जताई कि जिले में उज्जवला योजना 3.0 के लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किए जाएंगे।

### 2450 पात्र गरीबों को देना है निशुल्क गैस कनेक्शन

कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रथम चरण में पीएम जन मन और धरती आबा योजना के 2450 पात्र लाभार्थियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ई-केवाईसी कार्य को अभियान के रूप में संचालित करने तथा एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर जोर दिया। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं समिति के सदस्य सचिव अनिल तंतुवाय ने बैठक में भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा उज्वला योजना 3.0 के लिए जारी नई एसओपी का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नए चरण के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला उज्जवला समितियों का गठन कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने अवगत कराया कि ग्राम एवं वार्डस्तर पर आवेदन पत्र एकत्रित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

### गूगल लोकेशन ग्रुप में शेयर करें: कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधितों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि का इंतजार ना करें उससे पहले सभी कार्य पूरे करें कहीं कोई दिक्कत आती है तो शीघ्र अवगत कराएं कलेक्टर गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन ने एसआईआर कार्यों के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त उन सभी जिला अधिकारियों से कहा है कि जिलाधिकारीगण अपने निरीक्षण कार्य के दौरान गूगल लोकेशन ग्रुप में अपनी लोकेशन साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जिलाधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले बीएलओ की प्रगति बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेंगे तथा निरीक्षण कार्यों की निगरानी करेंगे।

## कोटवारों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे कोटवारी।

जिले के विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत गांव में तैनात कोटवारों ने सोमवार को अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। जिले के कोटवारों को वर्दी की राशि जिला मुख्यालय में दो माह पहले से आ चुकी जिस का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जबकि अन्य जिलो में वर्दी की राशि कोटवारों के खाते में डाल दी गई है।

राजस्व विभाग द्वारा आदेश 1 अक्टूबर से भूमिहीन कोटवारों को प्रति वर्ष 500 रुपए वृद्धि करने का आदेश किया गया है। पिछले वर्ष 2024 में जिले की समस्त तहसीलों से कोटवारों को 500 रुपए वृद्धि की गई लेकिन इस वर्ष 2025 में अभी तक कोटवारों के वेतन में 500 रुपए वृद्धि नहीं हुई कलेक्ट्रेट कार्यालय जिला भू अभिलेख शाखा द्वारा ओदश 6 नवंबर को जिले की समस्त तहसीलों में भेजा गया जिसका पालन भी किया गया लेकिन इस वर्ष 2025 में तहसीलों में पालन नहीं किया जा रहा। राजस्व आयुक्त के आदेश दिनांक 1 अक्टूबर 2023 के अनुसार भूमिहीन कोटवारों को 14 माह का एरियर का भुगतान का आदेश जिले की समस्त तहसीलों को किया जाए। भूमिधारी कोटवारों का नामांतरण नहीं हो रहा है जिससे कोटवार खाद, बीज, फार्मर आईडी, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि यंत्र पंजीयन आदि कार्य नहीं हो रहे हैं। जिससे कोटवार कई परेशानियों का सामना कर रहा है। यह सब पिछले एक वर्ष से हो रहा।

### पटेल गार्डन में विवाह समारोह से बाइक लेकर चोर रफूचक्कर

**विदिशा।** रविवार रात टीलाखेड़ी निवासी बृजेंद्र धाकड़ की बाइक पटेल गार्डन से चोरी हो गई। वह अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक गार्डन की पार्किंग में खड़ी की थी। शादी समारोह से लौटने पर बृजेंद्र ने देखा कि उनकी बाइक पार्किंग से गायब थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। बृजेंद्र ने बताया कि घटना वाले दिन वह पहले अपने पिता से मिलने अस्पताल गए थे, जिनका ऑपरेशन होना था। अस्पताल से लौटने के बाद वह बच्चियों के साथ शादी में पहुंचे थे। कपड़ों से भरा एक बैग बाइक पर ही रखा रह गया था। घटना के बाद खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में बाइक चोर की वारदात कैद हुई है।

## इंदौर की समाजसेविका मंजूषा ने 33 छात्राओं को निशुल्क साइकिल दी



**विदिशा।** उत्कृष्ट विद्यालय में समाजसेवी मंजूषा मधुकर पंडित इंदौर द्वारा तीन-चार किमी दूर से आने वाली 33 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस कार्य में शिक्षक नीलकंठ पंडित तथा अतुल शाह के विशेष प्रयास रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन तथा विशिष्ट अतिथि एएसपी प्रशांत चौबे उपस्थित रहे। 'उड़ान' प्रतियोगी परीक्षा तैयारी कक्षा की सराहना करते हुए एएसपी चौबे ने छात्रों से लक्ष्य चुनकर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। डॉ. सचिन गर्ग ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। विधायक मुकेश टंडन ने छात्रों से मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की तथा 'उड़ान' कक्षा के लिए सभी आवश्यक पुस्तकों का दायित्व उठाने की घोषणा की।

## शमशाबाद नगर पंचायत में फर्जी बिलों से लाखों की निकासी, पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

*शमशाबाद नगर परिषद के पार्षदों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। जबकि अध्यक्ष ने आरोपों को निराधार बताया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शमशाबाद नगर पंचायत के दो भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया है कि कई वार्डों में बिना कार्य कराए ही सरकारी धन का भुगतान कर दिया गया। पार्षदों के अनुसार कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों रुपए की राशि हड़प ली गई, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं हुआ।

वार्ड-15 के पार्षद भीमा शहरिया ने बताया कि उनके वार्ड में कोई कार्य नहीं कराया गया, फिर भी उनके फर्जी हस्ताक्षर लगाकर 72 हजार रुपए का भुगतान निकाल लिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले तीन वर्षों से इसी तरह की अनियमितताएं जारी हैं, लेकिन पुलिस में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

### काम हुआ ही नहीं और 7 लाख निकाले

वार्ड-5 के पार्षद पति कुलदीप शर्मा ने बताया कि वार्ड-1 में फिलिंग कार्य के नाम पर 7 लाख से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। जबकि मौके पर कोई काम नहीं हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष भारती माहेश्वरी का कहना है कि नगर पंचायत में कोई भी गलत काम नहीं हुए हैं। पार्षद जो आरोप लगा रहे हैं उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। पार्षद अपनी डिमांड पूरी करवाने दवाब बना रहे हैं। इसलिए वह इस तरह से आरोप लगा रहे हैं।

### पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंची महिला

**विदिशा।** ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निचरोन की कमलेश बाई तीन दिन पहले हुए विवाद की शिकायत लेकर मंगलवार को पिंड भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने गांव के एक व्यक्ति पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया। कमलेश बाई के अनुसार उनका बेटा नल-जल योजना की देखरेख करता है। राघवेंद्र गलत तरीके से बिजली के तार जोड़ रहा था मना करने पर बेटे के साथ मारपीट कर दी। उनका कहना है कि राघवेंद्र की शिकायत पर उनके बेटों पर ही मामला दर्ज हो गया, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। एसपी रोहित काशवानी ने शिकायत लेकर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

## शराब ठेकेदार के कर्मचारियों ने युवकों को पीटा,1 की मौत, 2 की हालत गंभीर

**दो गंभीर घायलों का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को देवखजूरी गांव में शराब ठेकेदार के लोगों और कुछ युवकों के बीच हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। शराब दुकान पर डिस्काउंट को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने शराब ठेकेदार के 4 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल हुए 3 युवकों को रविवार रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से ताजखजूरी निवासी राजकुमार रघुवंशी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि देवेंद्र रघुवंशी और दुर्गेश रघुवंशी का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मृत राजकुमार रघुवंशी के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया है। घायल दुर्गेश रघुवंशी ने बताया कि कुछ दिन पहले सिगरेट लेने को लेकर शराब दुकान के कर्मचारियों से विवाद हुआ था। रविवार रात उन्हें समझौते के लिए बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचते ही उन पर हमला कर दिया गया।



**पहली बार वर्ष 2003 में नगरवासियों ने उठाई थी यह मांग**

# ग्यारसपुर की 22 साल पुरानी मांग पूरी होने की ओर, नगरवासियों में खुशी का माहौल

**स्वच्छता और शहरी विकास योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

गंजबासौदा में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा होते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

पिछले 22 वर्षों से नगरवासी इस निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे थे। नवीं-दसवीं सदी के प्राचीन मंदिरों व धरोहरों के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर अब तक ग्राम पंचायत के रूप में संचालित होता रहा है। लगभग 12 हजार से अधिक आबादी और 5 हजार से अधिक पंजीकृत मतदाताओं के बावजूद नगर पंचायत का दर्जा न मिल पाने से लोगों को शहरी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ता था। ग्यारसपुर वर्तमान में एसडीएम कोर्ट, जनपद पंचायत, तहसील, थाना सहित 71 ग्राम पंचायतों का मुख्यालय होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरवासियों की मांग पहली बार वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में उठाई गई थी। इसके बाद कई बार रैलियां, धरने और ज्ञापन देकर आवाज बुलंद की गई।



हाल ही में नगरीय प्रशासन विभाग ने जनसंख्या, कर और राजस्व संबंधी विवरण मांगे थे, जिन्हें ग्राम पंचायत ने समय पर भेज दिया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से बाजारों, चौक-चौराहों और चाय-ठेलों पर ग्यारसपुर के उज्वल भविष्य की चर्चाएं जारी हैं। नागरिकों का मानना है कि नगर पंचायत बनने से सड़कें, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था, सीवरेज सिस्टम, स्वच्छता व शहरी विकास योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार सीमित बजट के कारण अब तक बड़े विकास कार्य संभव नहीं हो पा रहे थे, लेकिन इस निर्णय से विकास को गति मिलेगी। नगरवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्यारसपुर के भविष्य के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

### बेतवा का उदगम स्थल फिर बंद होने की कगार पर

**विदिशा।** बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने 55 चैक डैमों के निर्माण से बेतवा की धारा पुन: प्रवाहित हुई। नदी को सदानीरा बनाने हेतु अगले कुछ वर्षों तक निरंतर और संगठित प्रयास आवश्यक हैं। इसको लेकर 29 नवंबर की सुबह 11 बजे उद्गम स्थल एवं पूर्व में निर्मित चैक डैमों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया जाएगा, ताकि आगामी कार्ययोजना को ठोस रूप दिया जा सके। इस अभियान से जुड़े प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट, लेखक एवं जल संरक्षक आबिद सुरती मुंबई 1 से 3 दिसंबर तक भोपाल चार मंडली प्रवास पर रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में 3 दिसंबर दोपहर 11:30 बजे ग्राम सेवा समिति, कोलार रोड भोपाल में बैठक आयोजित होगी। जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5112
सरसों
न्यूनतम भाव-4910
उच्चतम भाव-8000
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5300
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5050
मक्का
न्यूनतम भाव-800
उच्चतम भाव- 1601
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3110
धान
न्यूनतम भाव-1050
उच्चतम भाव-3375
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3226
धनिया
न्यूनतम भाव-7010
उच्चतम भाव- 7010
ज्वार
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4700

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 45154 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सर्दी में हुई वृद्धि

**गंजबासौदा।** सोमवार से मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। शाम के समय से अचानक तापमान में गिरावट देखी गई। जिससे लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। ज्ञात हो कि इलाके भर में सुबह एवं रात्रि के समय हल्की ठंडी हवाऐं चलने से लोग गर्म कपड़ों, शाल, स्वटेर, इनर, टोपा, अलाव एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने लगे हैं। जिससे सर्दी से बचा जा सके।

# पाराशरी नदी को बेतवा से जोड़ा जाएगा: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





पंचतत्व संरक्षण समिति ने रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नगर आगमन पर शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में हर बार की तरह पाराशरी के उत्थान के लिए बेतवा को पाराशरी से जोड़ने हेतु पुनः एक ज्ञापन दिया गया। जिसे सभा के दौरान स्वीकार किया गया तथा मंच से उद्बोधन में इस बात को कृषि मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री की ओर मुखातिब होकर कहा गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान और जल संरक्षण के तहत पाराशरी नदी को बेतवा नदी से जोड़ा जाए और इसके सर्वे का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए। बाद में इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सभा में अपने संबोधन के दौरान कर दी।

ज्ञात हो कि पंचतत्व संरक्षण समिति पिछले वर्ष अगस्त 2022 से लगातार इस मांग को उठा रही है और कई हाथों में इस ज्ञापन को देते हुए पाराशरी नदी को बचाने की गुहार लगा रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि गंजबासौदा में एक नदी नहीं दो दो नदियां है और सौभाग्य की बात यह है कि यहां बहती हुई बेतवा नदी में तो पानी बह रहा है और अन्य जगह बेतवा में पानी ही नहीं है, इसलिए बेतवा को पाराशरी से जोड़ा जाकर जल संवर्धन में भी काम करना चाहिए। पंचतत्व के सभी सदस्यों और शहरवासियों में यह खुशी की लहर है कि अब आगे पारासरी नदी सदानीरा रहेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, सचिव प्रमोद सिंह राजपूत, सुरेंद्र भारद्वाज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, नवांकुर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, राजेंद्र व्यास, संदीप रावत, बृजेंद्र दांगी, रमन ठाकुर, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### स्कूटी सवार दो और ट्रैक्टर ट्रॉली सवार एक व्यक्ति गंभीर घायल

# दो दुर्घटनाओं में ट्रैक्टरों की टक्कर से दो युवकों की मौत, ट्रैक्टर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तेज गति से सड़कों पर दौड़ने वाले दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन आमजन के लिए मौत का कारण बनते जा रहे हैं। आए दिन तेज गति के कारण वाहन दुर्घटनाएं घटित होती जा रही हैं। जिसमें अनेक लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं वहीं अनेक लोग अपने हाथ पैर गवां चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद वाहन दुर्घटनाऐं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को भी दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मंडी के पास और देर शाम त्योंदा रोड पर जीवाजीपुर सरकारी गोदाम के पास ट्रैक्टर ट्रॉलियों की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। इनमें से एक मामले में दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गए। वहीं दूसरे मामले में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में स्कूटी आने से स्कूटी सवार भी घायल हो गए।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार कृषि उपज मण्डी में माल वाहक ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से आ रहा था। ट्रैक्टर की गति अधिक होने के चलते चालक उसे नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसने पहले पैदल राहगीर को टक्कर मार दी और फिर स्कूटी से टकरा गया। जिसके बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और घटना स्थल की जाँच शुरू कर दी। हादसे के दौरान पैदल राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार हर्षित ताम्रकार और बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक पैदल राहगीर की पहचान नहीं हो सकी है, उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

वहीं देर शाम त्योंदा रोड पर त्योंदा की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से एक बाइक सवार टकरा गया। जिससे बाइक चालक भैरव अहिरवार निवासी जीवाजीपुर की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली भी पलट गई। जिससे उसमें सवार रामकृष्ण पुजारी निवासी पिपरिया त्योंदा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल और मृतक को अस्पताल पहुंचाया। थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि दोनों मामलों में टैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिंदू परिषद त्योंदा प्रखंड की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनी एवं आगामी कार्य योजना पर चर्चा हुई। विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी और विभाग सह मंत्री संदीप नेमा मौजूद रहे। दोनों ने संगठन के उद्देश्यों और कार्यों पर विस्तार से बात की। कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सतीश दुबे ने संगठन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं से समर्पण और समाज सेवा में सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। संयोजक आयुष शर्मा, सह मंत्री आकाश कुशवाहा, सह संयोजक अमन रिछारिया और विद्यार्थी प्रमुख अनुराग रिछारिया ने अपने विचार रखे। संगठन को मजबूत करने के सुझाव दिए। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन और समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित कर नगर में सघन गश्त कर ध्वनि प्रदूषण करने वालों वाहनों पर रात्रि के समय कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने रात्रि के समय क्षेत्र में मोटर साइकिलों से भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान, अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों को समझाईश देकर रवाना किया गया। वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई, क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर भ्रमण कर वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने वाली बुलेट मोटर साईकिल को पकड़ा गया एवं मोटर साइकिल के साईलेंसर को बदलवाया गया। पुलिस ने बुलेट मोटर साईकिल चालक से मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत 1000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## एसजीएस कॉलेज में मनाया गया शहीदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा मनीष दुबे के नेतृत्व में सिखों के नवे गुरु तेग बहादुर (1621-1675) की 350 वी शहीदी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मनीष दुबे ने बताया गया कि गुरु तेग बहादुर द्वारा अपने जीवन का बलिदान कर दिया गया, किंतु उन्होंने अपने आदर्श एवं अपनी आस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया। औरंगजेब द्वारा गुरु को विभिन्न प्रकार की यातनाएं दी गई, इसके बाद भी गुरु तेग बहादुर ने अपने जीवन के उद्देश्य एवं लक्ष्य से कोई समझौता नहीं किया। उनके जीवन के आचरण हमें जीवन में अपनाने चाहिए। गुरु तेग बहादुर का जीवन हमारे लिए आदर्श योग्य है तथा उनके आदर्शों को अपनाने योग्य है। उन्हें प्रेम से 'हिंद दी चादर' भी कहा जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. बिदेश शुक्ला, डॉ. पवन जैन, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नगर में निकली भव्य कलश यात्रा



गंजबासौदा। श्रीधाम बासौदा दरबार में आयोजित भव्य श्रीराम कथा प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ के लिए सोमवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। रेलवे स्टेशन से आरंभ हुई इस कलश यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा में बडी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं। आकर्षक रथों पर साधु महात्मा और संत विराजमान होकर कलश यात्रा की शोभा बढा रहे थे। वहीं अखाडे के युवा भी करतब दिखाते हुए शामिल थे। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए राजेन्द्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर श्रीधाम बासौदा दरबार पहुंची। जहां विधिवत पूजन अर्चन के बाद उसका समापन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भी सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया और कलश यात्रा का स्वागत किया।

# आज नगर में निकलेगी भगवान श्रीराम बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विवाह पंचमी के पावन अवसर पर आज मंगलवार को नगर में आस्था और उत्सव का अद्भुत संगम दिखाई देगा। सीताराम के विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री रामरस धारा परिवार द्वारा चक्रवर्ती भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन किया जा रहा है। संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे राम बारात स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से मंगल ध्वनियों के बीच प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी चौक पहुंचेगी। इस बारात की भव्यता को और विशिष्ट बनाने देवास से विशेष रूप से नाचने वाले ऊंटों का दल पहुंच रहा है, जो शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेगा। दिल दिल घोड़ी, बीना के प्रसिद्ध ढोल, नगर के डीजे और बैंड बजे की ताल और 'जय श्रीराम' के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठेगा। शोभायात्रा में संत, महात्माओं का सान्निध्य भी रहेगा। जो बारात की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाएगा। बारात में श्री सीताराम संकीर्तन पीठ की चरण पादुकाएं, शिव–पार्वती की झांकी, माता शबरी की आत्मीय भक्ति से ओतप्रोत झांकी तथा राधा–कृष्ण की मनोहर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर के प्रमुख मार्गों पर बारात गुजरते समय सनातन प्रेमियों द्वारा की बारात के स्वागत की विशेष तैयारी की है। रामरस धारा परिवार ने सनातन प्रेमियों से श्रद्धालुओं से फूल-पंखुड़ियों से राम जी की बारात का स्वागत कर बारात में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। मंगलवार को राम बारात से पूरे नगर में उत्साह का आलोक देखते ही बनेगा। इस दिव्य शोभा यात्रा में विभिन्न अखाड़ों, भजन मंडलियों और कलात्मक दलों की सहभागिता भी रहेगी, जो वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर देगी। भक्तों का कहना है कि वर्षों बाद नगर ऐसी आध्यात्मिक अलौकिकता का साक्षी बनेगा, जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात जन-जन को धर्म, उत्सव और भक्ति का संदेश देगी। जिसमें सभी भक्तों एवं नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### कलश यात्रा के बाद की गई सफाई

**गंजबासौदा।** श्री रामदेव बाबा मंदिर में होने जा रहे अनुष्ठान कथा पर सोमवार को निकली कलश यात्रा के दौरान श्री रामदेव बाबा तथा जनमानस को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव द्वारा फूल माला अर्पित की गई एवं आरती उतरी गई एवं जनमानस को जलपान कराते हुए यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद उनके निर्देश पर सडक पर फैली डिस्पोजल सामग्री, फूल एवं अन्य सामग्री को तत्काल साफ कराया गया।



### 19 दिसंबर को होगा अभिभाषक संघ का चुनाव

# मतदाता सूची का प्रकाशन 25 को, 26 से 28 तक होंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




अभिभाषक संघ के चुनाव की तारीख की घोषणा निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आकाश कुर्मी द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 19 दिसंबर को अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए आवश्यक हुआ तो मतदान पुराने तहसील भवन के पास स्थित अभिभाषक संघ कार्यालय में प्रातः 9:30 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 25 नवंबर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन फार्म जमा 26 नवंबर से 28 नवंबर तक किए जाएंगे। इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन में रखा गया है शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक पुराने न्यायालय भवन में नामांकन फार्म की जांच 29 नवंबर को होगी।

निर्वाचन अधिकारी की सुविधा व समय अनुसार नामांकन फार्म वापसी की दिनांक 1 दिसंबर एवं 2 दिसंबर की जा सकती है। इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन अथवा शाम 4:30 से 5:30 तक पुराने न्यायालय भवन में रखा गया है। पोस्टल मतदान 16 एवं 17 दिसंबर को होगा। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 3 दिसंबर को किया जाएगा। जिन प्रत्याशियो की ओर से नियत समयावधि मे अपना नामांकन फार्म वापिस लिया जाता है, वह स्वयं रसीद प्रस्तुत कर अपनी अमानत राशि प्राप्त करने के अधिकारी होगें। प्रस्तावक को राशि वापिस नही दी जावेगी।निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की अमानत राशि वापिसी योग्य नही होगी।प्रत्याशियो के अनुभव की गणना नामांकन फार्म जमा करने की दिनॉक को राज्य अधिवक्ता परिषद मे दर्ज नामांकन दिनाक से मान्य की जावेगी।नामांकन फार्म के साथ राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदत्त सनद की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।किसी भी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने की दशा में वह रसीद प्रस्तुत कर अमानत राशि प्राप्त करने के अधिकारी रहेगें। किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन अधिकारियों का निर्णय अंतिम होगा।

### जयस्तंभ, बरेठ रोड पर देर तक लगा रहा जाम

**गंजबासौदा।** इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है जिसके चलते नगर के मुख्य मार्गों पर भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही है। सोमवार को दोपहर एवं शाम के समय जयस्तंभ चौक, बरेठ रोड, पचमा बायपास मार्ग पर कई बार देर तक जाम लगा। जिससे वाहन चालकों, पैदल राहगीरों को देर तक जाम में फसे रहना पड़ा एवं जाम हटने के इंतजार में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि नगर सहित ग्रामीण अंचलों से खरीददारी करने आने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से इधर उधर खड़ा कर सामान खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे अन्य वाहनों को निकलने में असुविधा होती है और जाम लग जाता है। नागरिकों एवं वाहन चालकों ने यातायात पुलिस से मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिससे जाम की समस्या से आमजन को निजात मिल सके।

## एसआईआर मुस्लिम समाज के विरुद्ध नहीं है: कादरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह एक सतत प्रक्रिया है इसका किसी जाति, वर्ग, पंथ, समुदाय, धर्म से कोई संबंध नही है और न ही यह किसी धर्म विशेषकर इस्लाम धर्म के विरोध में है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुस्लिम समाज से फैल रही अफवाह व भ्रांतियों से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही सकारात्मक सोच के साथ घर आऐ बीएलओ अधिकारी के साथ सहयोग कर उसको दो फोटो व वांछित जानकारी देने की अपील भी की।

कादरी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा एसआईआर या किसी भी नई नागरिकता व्यवस्था को लेकर फैलाया जा रहा भय और भ्रम बेबुनियाद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन फैसलों का देश के मुसलमानों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार सभी नागरिकों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कुछ लोग कुछ संगठन सोशल नेटवर्किंग साइट पर आडियो, वीडियोज, फोटोज अपलोड कर मुसलमानों की भावनाओं से खिलवाड़ कर उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके अनुसार, मुस्लिम समाज को कमजोर समझना ऐसे लोगो की बड़ी भूल है, क्योंकि आज का मुसलमान पढ़ा-लिखा, जागरूक और अपने अधिकारों-कर्तव्यों को समझने वाला है। अब किसी भी झूठे नैरेटिव को उन पर थोपना संभव नहीं है। मुस्लिम समाज से अपील की कि वे अफवाहों और भ्रम फैलाने वाली राजनीति से दूर रहें। घर आऐ निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों का सहयोग कर भारतीय लोकतंत्र मे पूरी तरह हिस्सेदार बनकर राष्ट्रीय एकता अखंडता को मजबूत कर विकसित भारत बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाएं।

### राज्य पुनर्गठन आयोग को भेजा पत्र

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया सिरोंज को जिला बनाने का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सिरोंज को जिला बनाने को लेकर सामाजिक संगठन और जन प्रतिनिधि ज्ञापनों तक सीमित चल रहे है लेकिन समय की आवाज़ है कि आवष्यकता है आंदोलन एवं धरना की लेकिन सिरोंज के व्यापारी संगठन व सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन धरना आंदोलन की बात नहीं कर रहे है। ऐसा प्रतीत होता है कि सिरोंज को जिला बनाने को लेकर सभी की एकमत राय नहीं हो पाने के कारण आंदोलन में कोई गति नहीं आ पा रही है। प्रत्येक व्यक्ति, संगठन व राजनीतिक दलों को यह उम्मीद है कि कहीं कोई जिला बनाने का श्रेय न ले जाए इसको लेकर सब एक दूसरे की तरफ देखकर मुहीम को गति नहीं दे रहे है। यदि अभी सिरोंज जिला नहीं बना तो शायद इससे अच्छा मौका कभी नहीं मिलेगा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार से भेंट कर सिरोंज जिला बनने कि थी मांग के समर्थन में राज्य पुनर्गठन आयोग से बात करने की मांग की थी, जिला बनाने का समर्थन करते हुए इसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सचिव राज्य पुनर्गठन आयोग को पत्र भिजवाकर समर्थन किया। पत्र में बताया गया है कि सिरोंज एक ऐतिहासिक, प्राचीन धार्मिक, सांस्कृतिक व व्यापारिक शहर सिरोंज को 1 नवंबर सन् 1956 को राजस्थान राज्य से मध्यप्रदेश राज्य में सम्मिलित किया था। सम्मिलित होने से पहले सिरोंज जिला था। इसके अंतिम कलेक्टर श्री बेजनाथ पंचैली थे। सिरोंज की जिला मुख्यालय विदिशा से दूरी 85 कि.मी. है, वही सिरोंज विधानसभा के अंतिम छोर के ग्राम उनारसी कला की दूरी मुख्यालय से 160 किमी. है जिससे मुख्यालय में आने जाने के लिए आम जनों को परेशानी होती है गरीब लोगों को आर्थिक न्याय से बंछित होना पड़ता है।

18 बी शताब्दी के द्वौरान सर जार्ज एवरेस्ट पर्वत की ऊँचाई को मापने के लिए महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण के लिए माप में तीन वैद्यशालाएं बनाई थी जिसमें से एक वैद्यशाला सिरोंज में बनाई गई थी, जो गुना रोड पर भूरी टौरी है जिसके अवशे अभी भी मौजूद है जो अभिभाजित भारत को केन्द्र बिन्दू है यहाँ पर सिक्के बनाने की टकसाल थी उन सिक्कों पर भी सिरोंज लिखा हुआ है। सिरोज की पूर्व दिशा में कुरवाई तहसील है जो 40 किमी दूरी पर है पश्चिम दिशा में लटेरी तहसील स्थित है जो सिरोंज से 30 किमी. दूरी स्थित है। इस प्रकार 1. सिरोंज तहसील 2. कुरवाई तहसील, 3. लटेरी तहसील एवं सिरोंज तहसील के 4. पथरिया उप तहसील (टप्पा) है एवं 5. दीपनाखेडा 30 किमी. जो कि राजस्थान में टौक रियासत के समय तहसील का दर्जा था एवं लटेरी तहसील की 6. आनंदपुर उप-तहसील (टप्पा) और 7. नटेरन तहसील के ग्राम सतपाडा हाट को भी तहसील का दर्जा दिया जा सकता है जिसकी दूरी भी 30 किमी है। इनको भी तहसील का दर्जा दे कर सात तहसील को मिलाकर सिरोज को जिला बनाया जा सकता है जोकि सतपाडा हाट क्षेत्र के आम जन सिरोंज से ही व्यापार करते है एवं किसान कृषि उपज को बेंचने सिरोंज मंडी में आते है, सिरोंज से ही बैंको का लेन-देन करते है। सिरोज तहसील में दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय है दो सिविल कोर्ट है एडिशनल कलेक्टर का लिंक कोड है, सभी विभागों के दस अनुविभागी अधिकारी की पदस्थापना है. स्व. श्री राजीव गाँधी स्मृति हॉस्पिटल है जिसमें 100 पलंग की मरीजों को व्यवस्था है, विश्वविद्यालय है एवं अनेक निजी महाविद्यालय है, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई शासकीय कॉलेज है, जिला मुख्यालय के बाद दूसरा बडा महाविद्यालय है सभी प्रमुख विभागों की प्रमुख शाखाए सिरोंज में है।

सिरोंज में कृषि विज्ञान केन्द्र था जो कि जिले में एक होता है वह किन्ही कारणों से बन्द पड़ा है. बी ग्रेड की कृषि उपज मंडी है बिजली विभाग के 13/11 केवी के अनेक केंन्द्र है, ग्रामीण क्षेत्रो में भी बिजली विभाग के अनेक केंन्द्र है सिरोंज में केथल डेम है जो कि कृषि उपज के लिए नहर एवं शहर में पानी देने की क्षमता रखता है एवं प्रदान भी कर रहा है यह जनसंख्या एवं भौगौलिक दृष्टि से सिरोंज जिला बनाने के की श्रेणी में आता है, सिरोंज को जिला बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव के द्वारा राजस्व के द्वारा वर्ष 2012-13 में एक पत्र जारी कर कलेक्टर विदिशा से सिरोंज को जिला बनाने का प्रस्ताव मांगा गया था, जिसके पालन में तत्कालीन कलेक्टर विदिशा द्वारा सिरोंज को जिला बनाने का प्रस्ताव 1. सिरोंज तहसील 2. लटेरी तहसील 3. कुरवाई तहसील 4. पठारी तहसील को मिलाकर सिरोंज को जिला बनाने का प्रस्ताव दिनोंक 01/06/2013 को प्रमुख सचिव राजस्व को भेजा था उक्त प्रस्ताव शासन के विचारधीन है प्रस्ताव कलेक्टर साहब के द्वारा मांगे गए प्रस्ताव की छाया संलग्न है। यह कि दिनांक 01/06/2013 को सिरोंज जिला बनाने हेतू पात्र था किन्तु अब 11 वर्षो बाद उक्त सभी तहसील की आबादी दो गुनी से अधिक हो गई है अब जनसंख्या एवं भौगोलिक दृष्टि के आधार पर सिरोंज को जिला बनाना न्यायोचित होगा। यह कि सिरोंज को जिला बनाने में शासन को तत्कालिक रूप से आर्थिक व्यय नहीं करना पडेगा क्योकि कलेक्टर कार्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों केनिवास हेतू यहाँ पर पूर्व से ही आवास व्यवस्था है बंगले एवं कार्यालयों की पर्याप्त संख्या है। यह कि भौगोलिक दृष्टि से आमजन की परेशानियों को देखते हुए तथा अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने न्याय दिलाने के लिए सिरोंज को नवीन जिला बनाया जाना आवश्यक है। राज्य पुनर्गठन आयोग प्रस्तावित कराकर सिरोंज तहसील, लटेरी तहसील, कुरवाई तहसील एवं आनंदपुर उप तहसील, पथरिया उप तहसील और प्रस्तावित सतपाडा हाट व दीपनाखेडा को तहसील का दर्जा देकर सिरोंज को जिला बनाने कि मांग का समर्थन पत्र भेजा है।

# दिव्यांग बच्चे हमारी शक्ति हैं, समाज का दायित्व हैः तोषमणी पंथी

## पर्यावरण निर्माण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आज सांदीपनि विद्यालय सिरोंज में विकासखंड स्तरीय पर्यावरण निर्माण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संबंधी आवश्यक सहयोग प्रदान करना था।

कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी जी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि "दिव्यांग बच्चे हमारी शक्ति हैं। समाज का दायित्व है कि उन्हें समान अवसर और संवेदनशील वातावरण मिले।" शाला के प्राचार्य महेश ताम्रकार, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर, पार्षद संजय सोनी जी तथा पार्षद तोशमनी पंथी जी तथा अन्य सभी शिक्षकों ने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांग विद्यार्थी, उनके अभिभावक, तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों की आवश्यक जाँच के लिए मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह संकल्प भी लिया गया कि क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों के लिए और अधिक सुविधाएँ, सहयोग एवं अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा- "समावेशी शिक्षा ही समाज को मजबूत बनाती है; हर बच्चे का अधिकार है कि उसे पूर्ण सम्मान और समर्थन मिले।"सभी दिव्यांग बच्चों को भोजन की व्यवस्था भी कराई गई।

# एसआईआर सर्वे को लेकर एसडीएम पहुंचे घर-घर, कहा- घबराने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



लोकतंत्र की रीठ को मज़बू बनाने के लिए एस.आई.आर का कार्य पूरे देष में तेज़ी से चल रहा है। स्थानीय प्रषासन भी इस सर्वे को लेकर रात-दिन लगा हुआ है। लेकिन कुछ वार्डो में बी.एल.ओ. की उदासीनता बी.एल.ओ द्वारा कई घरों में संपर्क नहीं किये जाने के कारण नागरिकों में आक्रोष है।

इस मामले को 23 नवम्बर को हरिभूमि में उक्त समाचार को प्रकाषित किया गया इस पर एस.डी.एम. हरिषंकर विष्वकर्मा ने तत्काल एक्षन लेकर सारी टीमों में अतिरिक्त कर्मचारियों को बढ़ाकर काम में तेजी करने का प्रयास किया इसके बाद वार्ड नं. 14 में बी.एल.ओ. नदारत के मामले को लेकर स्वयं एस.डी.एम. हरिषंकर विष्वकर्मा ने घर-घर जा कर संपर्क किया और लोगो को समझाइश दी। उन्होनें नागरिकों को हिम्मत दिलाते हुए कहॉ कि इस सर्वे में कोई घबराने की बात नहीं है यदि आवेदन भरने में कोई परेषानी आती है तो तत्काल बी.एल.ओ. से सम्पर्क कर फार्म भरें। यदि आपकी समस्या को कोई नहीं सुन रहा तो आप मुझसे सम्पर्क करें। साथ में नपा सीएमओ रामप्रकाष साहू ने भी प्रत्येक नागरिकों से घर में जाकर सम्पर्क कर समझाइष देते रहें चलते रास्ते नागरिकों से वह बात करते रहे कि आवेदन भरने में कोई परेषानी आ रहीं है क्या, अभी तक फार्म क्यों जमा नहीं किया।

### शीत ऋतु में गौशालाओं के गौवंश की सुरक्षा के निर्देश

# ऐसे उपाय करें... जिससे आपके पशु सर्दी से बचे रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शीत ऋतु की तीव्रता को देखते हुए पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ. एनके शुक्ला ने जिले की सभी गौशाला संचालकों को गौवंश के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की सतत निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में उपलब्ध गौवंश की स्थिति पर नियमित ध्यान दिया जाए और ठंड से बचाव के सभी आवश्यक उपाय लागू करना सुनिश्चित किया जाए।

**■ ठंड से बचने के लिए गुड अजवाइन, पीपली खिलाएं।**

### गौवंश की सुरक्षा और गर्माहट के उपाय

अत्यधिक ठंड की स्थिति में गौशालाओं की खिड़कियों एवं दरवाजों पर प्लास्टिक शीट, तिरपाल लगाकर ठंडी हवा से बचाव सुनिश्चित करें। गौवंश के बैठने हेतु सूखी जमीन, घास का बिछावन, अथवा मैट्स की व्यवस्था करें। बीमार या कमजोर पशुओं को अलग एवं सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। पोषित आहार उपलब्ध कराएं। कृहरा चारा (बरसीम, लुसर्न, भरी), साइलेज, पशु दाना आदि। पानी की उपलब्धता साफ, स्वच्छ एवं गुनगुनी अवस्था में हो। ठंड से बचाव हेतु गुड़, अजवाइन, पीपली, लौंग, सोंठ, हल्दी, सरसों तेल आदि से काढ़ा या मिनरल सप्लीमेंट नियमित रूप से दें, जिससे हाइपोथर्मिया से बचाव हो सके। स्वास्थ्य प्रबंधन एवं टीकाकरण गौशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए। शीत ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए। गौशालाओं में आवश्यक औषधियों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित रहे। संभव होने पर गौवंश की युगिंगध्मालिश की जाए ताकि शरीर में गर्माहट बनी रहे।

# मक्का के वाजिब दाम नहीं मिलने पर रहली में किसानों ने निकाली टैक्टर रैली, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



मक्का के वाजिब दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार को रहली में सैकड़ों टैक्टरों के साथ एक विशाल विरोध रैली निकाली। किसानों ने अपनी माँगे पूरी करने के लिए तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा और माँगे पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

### किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन में निम्नलिखित चार मुख्य माँगे रखी हैंः समर्थन मूल्य पर खरीदी, मक्का की खरीदी शीघ्र ही समर्थन मूल्य पर की जाए। सोयाबीन क्षतिपूर्तिः सोयाबीन की फसल खराब होने के कारण किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दी जाए। हम्माल के रेट निर्धारणः जिले की अन्य मंडियों की तर्ज़ पर रहली मंडी में भी हम्माल (मज़दूर) के रेट निर्धारित किए जाएं। खेत को इकाई माना जाएः फसल बीमा योजना में खेत को इकाई मानकर बीमा का लाभ दिया जाए, न कि पटवारी हल्का या ग्राम पंचायत को।

# ध्यान से बढ़ती है सकारात्मकता, इसे घर-घर तक पहुंचाना हैः कपिल मलैया

**सागर।** विश्व ध्यान दिवस के पूर्व विचार समिति द्वारा शहर में 50 विचार मोहल्ला टीमों के बीच ध्यान शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसी क्रम में आज पहला ध्यान शिविर तिलकगंज वार्ड में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 35 से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने इस शिविर का लाभ लिया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी के उपदेश वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों तक पहुंचाये गए।

# जिस गांव में सड़क तक नहीं थी आज हवाई जहाज पहुंच रहे हैंः मीना ताई

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का शताब्दी जन्मोत्सव रविवार को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में हर्षोल्लास से मनाया गया। वेद पाठ, भजन के बाद, बाल विकास के विद्यार्थियों ने जन्मोत्सव गीत, मूल्य गीत गाकर तालियां बटोरीं। क्विज के माध्यम से रामायण, महाभारत के पात्रों स्थानों आदि की जानकारी ली गई। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके पहले सुबह नगर संकीर्तन और वृहद नारायण सेवा खिचड़ी वितरण की गई। इस अवसर पर मीना पिंपलापुरे ने कहा कि बाबा ने कोई धर्म नहीं चलाया। उन्होंने तो सेवा और प्रेम का ऐसा विस्तार किया कि जिस छोटे से गांव में सड़क तक नहीं थी आज रेल और हवाई जहाज पहुंच रहे हैं। श्री राम दुबे ने जल सेवा के माध्यम से स्वामी के कार्य बताए जिसमें रायल सीमा जैसे सूखा ग्रस्त इलाके में आज पानी की भरपूर उपलब्धता को याद दिलाया। पुरस्कार वितरण, मंगल आरती अनिरुद्ध पिंपलापुरे ने की। इस अवसर पर चंद्रशेखर पिंपलापुरे, आशा पिंपलापुरे, डॉ निकिता पिंपलापुरे, नीता खन्ना, डॉ देवेंद्र मुखारया, बीके गुरु, अनिल शर्मा, संजीव सुहाने, अनुराग गुरु, तेजस पटेल, दुष्यंत पटेल, डॉ अमित दुबे, करुणा गुरु, विजय लक्ष्मी दुबे, कीर्ति दुबे, प्रिया विश्वकर्मा, तपस्या केवट, दीक्षा दुबे, भाव्या-माही शर्मा, सृजन दुबे, कामायनी भट्ट, सुषमा भट्ट, यशा भट्ट, सविता मैत्री, सांचिका मैत्री, डॉ प्रशांत भट्ट, डॉ निकुंज दुबे आदि भक्त उपस्थित थे।

जिस गांव में सड़क तक नहीं थी आज हवाई जहाज पहुंच रहे हैंः मीना ताई

सागर। भगवान श्री सत्य साई बाबा का शताब्दी जन्मोत्सव रविवार को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में हर्षोल्लास से मनाया गया। वेद पाठ, भजन के बाद, बाल विकास के विद्यार्थियों ने जन्मोत्सव गीत, मूल्य गीत गाकर तालियां बटोरीं। क्विज के माध्यम से रामायण, महाभारत के पात्रों स्थानों आदि की जानकारी ली गई। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके पहले सुबह नगर संकीर्तन और वृहद नारायण सेवा खिचड़ी वितरण की गई। इस अवसर पर मीना पिंपलापुरे ने कहा कि बाबा ने कोई धर्म नहीं चलाया। उन्होंने तो सेवा और प्रेम का ऐसा विस्तार किया कि जिस छोटे से गांव में सड़क तक नहीं थी आज रेल और हवाई जहाज पहुंच रहे हैं। श्री राम दुबे ने जल सेवा के माध्यम से स्वामी के कार्य बताए जिसमें रायल सीमा

# देवारण्य योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा अब औषधीय खेती को मिलेगा नया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा जिले में देवारण्य योजना के तहत औषधीय पौधों के संवर्धन और ग्रामीण आजीविका उन्नयन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धति से औषधीय पौधे अश्वगंधा, तुलसी, गुडमार, शतावरी, कालमेघ, सोंठ आदि का उत्पादन बढ़ाकर ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ आय के स्रोत विकसित करना है। वन, कृषि एवं आयुष विभाग संयुक्त रूप से किसानों और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। समाज-आधारित वन प्रबंधन के माध्यम से रोपण, संरक्षण और संग्रहण में स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी बढ़ी है, जिससे रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। सरकार द्वारा औषधीय उत्पादों की खरीद-व्यवस्था और मूल्य समर्थन तंत्र भी विकसित किया गया है। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि 11 ग्रामों में अश्वगंधा की खेती सफलतापूर्वक चल रही है। वन क्षेत्र में औषधीय फसलों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई।

# अग्रवाल इंटरनेशनल के बच्चों ने सीखी संवेदनाओं की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा वृद्धाश्रम का प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण पुराना अस्पताल रोड स्थित श्री हरि वृद्ध आश्रम में गुरुवार को भावनात्मक माहौल देखने को मिला। जब अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल अहमदपुर के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया। अपने ही बच्चों द्वारा नाती–पोते को गोद में उठाने का सुख न मिल पाने वाले कई बुजुर्ग आज इन बच्चों को गोद में लेकर भावुक हो उठे और उनका स्नेह उड़ेलते नज़र आए। अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अहमदपुर के 100 से अधिक बच्चे विशेष बसों से शैक्षिक भ्रमण के तहत वृद्ध आश्रम पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को परिवार में दादा–दादी और नाना–नानी के महत्व को समझाना तथा सेवा और संस्कारों से जोड़ना था। बच्चों ने बुजुर्गों के साथ दो घंटे से अधिक समय बिताया, उन्हें गीत और कविताएँ सुनाईं तथा पूरे माहौल को खुशियों से भर दिया।बुजुर्ग भी बच्चों की किलकारियां सुनकर और उनकी तोतली आवाज़ में सुनाई गई कविताओं से भावुक हो गए। बच्चों को भी दादा–दादी जैसा प्यार मिलने पर वे पूरी मौज–मस्ती में बुजुर्गों की गोद में खेलते रहे। इस अवसर पर स्कूल संचालक अभिषेक सिंह ने कहा कि आज के समय में बच्चों को शुरुआत से ही बुजुर्गों के महत्व का ज्ञान कराना आवश्यक है। बुजुर्ग परिवार की महत्वपूर्ण इकाई होते हैं, और उनके आशीर्वाद से जीवनभर समृद्धि मिलती है। स्कूल संचालक अन्वी सिंह ने कहा कि वृद्धाश्रम का यह दौरा बच्चों में संवेदनशीलता, करुणा और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से करवाया गया है। हमारे बड़े हमारे जीवन की नींव हैं—उन्होंने हमें सँभाला, संस्कार दिए और हर महत्वपूर्ण पाठ सिखाया है। स्कूल की प्रिंसिपल प्रगति रघुवंशी ने कहा शिक्षा केवल पुस्तकों से नहीं, समाज से भी मिलती है। बुजुर्गों के साथ बिताया गया यह समय बच्चों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में अमूल्य योगदान देगा। वृद्ध आश्रम की संचालक इंदिरा वेद प्रकाश शर्मा ने स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को एक साथ जोड़ने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है और समाज में सकारात्मक संदेश देती है।

# सरस्वती शिशु में दिशाबोध शिविर छात्रों में जाग उठी राष्ट्रभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



सरस्वती शिशु के कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय दिशाबोध शिविर में छात्रों में राष्ट्रभावना, अनुशासन और जीवन मूल्यों के प्रति गहरी जागरूकता विकसित हुई। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह कुलदीप शर्मा ने उद्बोधन में कहा कि पुण्यभूमि भारत वह पावन धरा है जहां जन्म लेने के लिए देवता भी आतुर रहते हैं। विविधता में एकता और अध्यात्म-ज्ञान की समृद्ध परंपरा भारत को विशिष्ट बनाती है। शिविर में अनुशासन, नेतृत्व, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रमेश राठौर ने की। तलैया एवं अंदरकिला इकाई के आचार्यगण, दीदीयां और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समापन अवसर पर बच्चों ने सीखे हुए संस्कारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।





# दरिंदगी से 'जनमानस' में भारी आक्रोश

# विरोध में बाजार पूर्णतः बंद

## 3 दिन बीतने के बाद भी पुलिस नहीं लगा पाई दरिंदे का सुराग

**मासूम बच्ची से दरिंदगी को लेकर भारी आक्रोश, आमजन ने फांसी की सजा देने की उठाई मांग**

**विरोध में रायसेन सहित जिले में कई जगह बाजार पूर्णतः रहे बंद, सड़कों पर उतरे लोग**

**शहर में बंद का व्यापक असर, चाय-पान से लेकर सभी प्रतिष्ठान पूरी तरह रहे बंद**

**शहर में हिन्दुवादी, व्यापार महासंघ एवं सामाजिक संगठनों ने निकाली आक्रोश रैली**

**गौहरगंज अभिभाषक संघ ने आरोपी सलमान का केस नहीं लड़ने का किया ऐलान**

**एसपी ने आरोपी की जानकारी देने वाले को 20 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा**

**सभी राजनैतिक दलों ने एक सुर में घटना का किया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गौहरगंज में हुई 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में जिले में सोमवार को रायसेन शहर सहित कई जगह बंद एवं विरोध प्रदर्शन हुआ। हिन्दुवादी संगठन, व्यापार महासंघ एवं सामाजिक संगठनों से रैली निकाल कर आक्रोश जताया। जिले के रायसेन शहर सहित गौहरगंज, औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, सुल्तानपुर, बाड़ी, बरेली एवं उदयपुरा में बाजार पूर्णतः बंद रहे। चाय-पान की दुकानों से लेकर सब्जी की दुकानें सहित व्यापारियों ने बंद का पूरी तरह समर्थन देकर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

विरोध प्रदर्शन, रैली चक्का जाम और जिला व पुलिस प्रशासन पर दबाव बढ़ रहा है। आरोपी अभी फरार है, जबकि पुलिस और प्रशासन पर गिरफ्तारी और न्याय की दिशा में तेजी लाने का दबाव बढ़ गया है। उधर एसपी पंकज पांडे, गौहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव सहित थानों पुलिस चौकियों का पुलिस फोर्स गौहरगंज में तैनात है।



## शहर में सड़कों पर उतरे लोग, फांसी दो के लगाए नारे

सोमवार की दोपहर शहर में हिंदूवादी संगठनों, व्यापार महासंघ एवं सकल हिन्दु समाज गौरगंज में मासूम से दरिंदगी के विरोध में भरी आक्रोश दिखाया और रैली निकाली। रैली में आक्रोशित भीड़ द्वारा आरोपी सलमान को फांसी दो फांसी दो की बुलंद आवाज से नारेबाजी की। शहर के चौक चौराहे गलियां गूंज उठी। युवाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के बीच आम सभा का आयोजन कर यह ऐलान किया यदि मासूम से दरिंदगी करने वाले सलमान को फांसी की सजा नहीं दी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद वाहन रैली और पैदल रैली, ऑटो रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सागर भोपाल तिराहे पर जाकर समाप्त हुई। जिसमें रायसेन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संतोष साहू, राहुल सिंह सहित किन्नर समाज के प्रतिनिधिमंडल आदि शामिल हुए।

### बाजार बंद का व्यापक असर

मासूम से दुराचार की घटना को लेकर गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार की सुबह से ही शहर के व्यापारियों ने बाजार बंद कर एकजुटता दिखाई। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़ी दुकानें भी दिनभर पूर्णतः बंद रही, जिससे लोगों को चाय एवं पान के लिए तरस गए।

### घटना से मन व्यथित है



मासूम बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना से मन व्यथित और अत्यंत आक्रोशित है। पीड़िता के उपचार में कोई कमी न रहे और समुचित इलाज की व्यवस्था हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया है।

**डॉ प्रभुराम चौधरी**
विधायक एवं पूर्व मंत्री मप्र शासन

### आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार हो, परिजनों को मिले इंसाफ



मासूम के साथ हुई दरिंदगी की घटना पूरे देश और प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना है। सरकार को और प्रशासन को तत्परता दिखाते हुए आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर मासूम बच्ची एवं उनके परिजनों को इंसाफ दिलाएं।

**देवेंद्र पटेल,**
विधायक एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस

### सलमान को उसी के समाज वर्ग करें फांसी की सजा की मांग



गौहरगंज में सलमान द्वारा जो घिनौना अपराध किया गया है, उसके लिए उसी समाज वर्ग के लोगों को आगे आकर सलमान को फांसी की सजा की मांग करनी चाहिए, जिससे ऐसे दरिंदों को सबक मिल सके।

– **अनिल चौरसिया,** हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष, रायसेन

### सरकार से आशा, बेटी को जल्द से जल्द मिले न्याय



पहले हम ऐसी घटनाएं सुनते थे एवं पढ़ते थे, परन्तु आज ऐसी घटनाएं हमारे बीच होने लगी है। जिससे मन काफी व्यथित है। बेटी को जल्द से जल्द न्याय मिले ऐसी सरकार से आशा है।

**मुदित शेजवार**
युवा भाजपा नेता


### अपराधी को खुलआम चढ़ाएं फांसी



ऐसे जघन्य अपराधी को खुलेआम फांसी पर चढ़ा देना चाहिए, ताकि घटना की पुनर्रावृत्ति न हो और लोग ऐसे अपराध करने से डरे।

**विनयकांत चतुर्वेदी,** अभिभाषक अध्यक्ष।

### वीभत्स अपराधी को कड़ी से कड़ी मिले सजा



यह बहुत ही पेशाचिक घटना है, ऐसे वीभत्स अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए, जिससे लोगों का सरकार और शासन के प्रति विश्वास बना रहे।

**संतोष साहू,**
व्यापार महासंघ अध्यक्ष

### आरोपी जल्द गिरफ्त में होगा



सोमवार को देर शाम तक आशापुरी, तीलेंडी, उमरावगंज बिनेका तामोट आदि गांवों एवं जंगलों में आरोपी की तलाश की गई। ग्रामीणों को भी आरोपी का फोटो दिखाकर सहयोग की अपेक्षा की है। आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

- **पंकज पांडे,** एसपी, रायसेन

## बरेली में सकल हिंदू समाज की निकाली रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**बरेली।** गोहरगंज में हुई दिल दहला देने वाली वारदात में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान ऊर्फ नजर पिता शहाबुद्दीन उम्र 23 वर्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को बरेली में भारी आक्रोश देखा गया। सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में नगर के सैकड़ों नागरिकों द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया।

रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां एसडीएम संतोष मुद्गल को मुख्यमंत्री एवं एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**ज्ञापन में मुख्य मांग :** आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाए। पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा आर्थिक, हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए। रैली में शामिल लोगों ने आरोपी का पुतला बनाकर उसे जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और बच्ची को न्याय दो आरोपी को फांसी दो कठोर कार्रवाई करो जैसे नारे लगाए।

इस प्रदर्शन में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन युवाओं छात्राओं व्यापारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए

## स्कूल से घर लौट रहे छात्र को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**सलामतपुर।** सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास स्कूल से घर लौट रहे छात्र को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। छात्र को सिर व पेर में गंभीर चोटें आईं हैं।

थाने से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात कार चालक ने बाइक एमपी 40 एमई 3327 चलाकर विदिशा केंद्रीय विद्यालय से अपने घर अमोदा गांव लौट रहे कक्षा 11वीं के छात्र पंकज पिता विशाल यादव उम्र 18 वर्ष को सामने से टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। वहीं से गुजर रहे युवक विशाल भोई ने घायल छात्र की मदद करते हुए उसे अपनी बाइक से थाने पहुंचाया। पुलिस ने छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी देकर घायल छात्र को सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया और मामले जांच में लिया।

### डीपीआई ने जारी किए स्पष्ट निर्देश, नहीं रोक सकेगा स्कूल प्रबंधन

# किसी भी रंग की स्वेटर पहनकर स्कूल जा सकेंगे बच्चे

*ठंड में यूनिफार्म की कलर बाध्यता समाप्त, गर्म कपड़े उतारने के लिए मजबूर करना प्रतिबंधित, आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सर्दी बढ़ते ही अधिकांश स्कूलों में बच्चों को यूनिफॉर्म के अनुसार निर्धारित रंग की स्वेटर या स्कार्फ पहनने का दबाव बनाया जाता है। कई बार बच्चे भी स्कूल के बताए रंग-डिजाइन की नई स्वेटर खरीदने की जिद करते हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। लेकिन अब अभिभावकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

सरकार ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि बच्चे ठंड से बचने के लिए किसी भी रंग, डिजाइन की स्वेटर या जैकेट पहनकर स्कूल आ सकते हैं। स्कूल प्रबंधन उन्हें रोक नहीं



सकेगा। ऐसा करने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मप्र लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने विद्यार्थियों को अलग रंग या डिजाइन की स्वेटर पहनने पर कक्षा में प्रवेश रोकने की शिकायतों के बाद नया निर्देश जारी किया है। नई व्यवस्था से अब विद्यार्थी ठंड में बिना किसी डर या दबाव के गर्म कपड़े पहनकर स्कूल जा सकेंगे और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं आएगा।

आदेश में कहा गया है कि सर्दी से बचाव के लिए यदि विद्यार्थी निर्धारित गणवेश अतिरिक्त कोई भी गर्म कपड़ा पहनते हैं, तो उन्हें कक्षा में आने से नहीं रोका जाएगा। संचालनालय ने स्पष्ट किया कि कई विद्यालयों में बच्चों को गर्म कपड़े उतारकर कक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया जाता है। जिससे वे ठंड की चपेट में आ जाते हैं। इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाई गई है। किसी भी छात्र को कक्षा के बाहर स्वेटर, जैकेट, कैप या मौजे उतारने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा।

### जिलाधिकारी करेंगे निगरानी

आदेशों का कड़ाई से पालन करवाने के लिए स्थानीय शिक्षा अधिकारी और डीपीसी टीआर रैकवार को निर्देशित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक का कहना है कि डीपीआई भोपाल के निर्देश प्राप्त होते ही हमने सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों को यह आदेश जारी कर दिए हैं। ऐसा देश का कड़ाई से पालन करने के लिए जिम्मेदारों को आदेश दिए हैं।

डीईओ डीडी रजक ने बताया कि आदेशों का कड़ाई से पालन करवाने सभी बीईओ को निर्देशित किया गया है। डीपीआई भोपाल से आदेश प्राप्त होने के बाद इसे सभी निजी एवं शासकीय स्कूलों में भेज दिया गया है।

### गायिका संजो बघेल द्वारा भजनों की प्रस्तुति

## छींदधाम में सीताराम विवाह उत्सव कार्यक्रम होगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में सिद्ध प्रसिद्ध हनुमान मंदिर छींद धाम में आज 25 नवंबर को श्रीसीताराम विवाह उत्सव की धूम रहेगी। मंदिर समिति द्वारा भजन संध्या के साथ अन्य कार्यक्रमों भंडारे का भी आयोजन रखा गया है। प्रत्येक शनिवार मंगलवार को हजारों श्रद्धालु छींद धाम आते हैं। आज मंगलवार के साथ भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह उत्सव का विशेष कार्यक्रम छींद धाम में हो रहा है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार को श्रीसीताराम विवाह उत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का संगीतमय कार्यक्रम रखा है। शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल और



साथियों द्वारा भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा है।

कार्यक्रम की मंदिर समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां की गई है। छींद धाम सेवक कृष्णकुमार रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, धीरेंद्र रघुवंशी, मोहन, अभिषेक रघुवंशी, निखिल गुप्ता इत्यादि श्री हनुमान जी एवं श्री राम के भक्तों ने सभी धर्म प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में छींद धाम पहुंचने की अपील की है।